an>

Title: Need to nominate two Members of Parliament from Sikh community in Sach Khand Hazur Sahib Board.

श्री प्रेम सिंह चन्दूमाजरा (आनंदपुर साहिब) : अध्यक्ष महोदया, आप जानती हैं कि नांदेड़ में स्थित सचखंड श्री हुज़ूर साहब, जो सिख धर्म के पांच तख्त हैं, यह उनमें से एक है। इसकी जो गवर्निंग बॉडी है, उसमें पार्लियामैन्ट के दो सिख एम.पीज. उसके विधानानुसार वहां जाते हैं। लेकिन दुख की बात यह है कि वहां कांग्रेस की जो पिछली सरकार थी, उनके मुख्य मंत्री आज यहां मैम्बर ऑफ पार्लियामैन्ट हैं। मैं कहना चाहता हूं कि जैसे हरियाणा में सिखों की बॉडी को कैप्चर करने के लिए बंटवारा किया। ऐसे ही इस तख्त में अपने लोगों को लाने के लिए चिट्ठी-पत्र यहां संसदीय कार्य मंत्रालय के पास भेजे नहीं हैं। वहां कहते हैं कि हमने भेज दिए हैं, हमें कुछ मालूम नहीं है। लेकिन यहां जानकारी नहीं दी गई है। आज जो सरकार वहां बनी है, उन्होंने अपने दो लोग वहां नॉमिनेट कर दिए हैं। मैं वहां गया था, वहां सिख समाज के लोगों में इस बात की प्रबल इच्छा है कि राज्य सभा और लोक सभा में सिख संप्रदाय के जो संसद सदस्य हैं, उनमें से ही दो सदस्य यहां आने चाहिए। मैं आपके माध्यम से सरकार से यह विनती करता हूँ कि ये दो सदस्य यहां से चुने जाएं और वहां जो हैं, उनको विदड्रॉं किया जाए तो इससे हमारे सिख समाज की इच्छा पूरी होगी।

HON. SPEAKER: Shri Gopal Shetty, Kunwar Pushpendra Singh Chandel are permitted to associate with the issue raised by Shri Prem Singh Chandumajra.